राजस्थान सरकार

# सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग

**क्रमांक :** F11(443)/DOIT&C/Proj./2021-02385 **जयपुर, दिनांक : 18/10/2022**

**संयुक्त शासन सचिव,**
**कार्मिक विभाग (क–1),**
**शासन सचिवालय, जयपुर**

कार्मिक (क-1/गो. प्र.) विभाग
शासन सचिवालय, जयपुर
डायरी संख्या 1024479
दिनांक 27/10/22

**विषयः– समस्त राजकार्मिकों के राजकाज सॉफ्टवेयर में पूर्ववर्ती वर्षों के अचल सम्पत्ति विवरण को भरे जाने के संबंध में।**

**सन्दर्भः– कार्मिक विभाग द्वारा जारी परिपत्र क्रमांक प.13(51)कार्मिक/क–1/गो.प्र./2021 दिनांक 27.09.2022**

कार्मिक विभाग के परिपत्र दिनांक 14.04.2011 के अनुसार समस्त राजपत्रित अधिकारियों का दिनांक 01.01.2011 व उसके पश्चात्वर्ति वर्षो का अचल सम्पत्ति विवरण सार्वजनिक किये जाने का प्रावधान किया हुआ है। इसके अतिरिक्त समस्त विभागों के समस्त कर्मचारियों के अचल सम्पत्ति विवरण दिनांक 01.01.2021 से सार्वजनिक किये जाने के बारे में दिनांक 29.06.2021 के परिपत्र द्वारा आदेशित किया गया है।

उक्त सन्दर्भित परिपत्र के अनुसार राजकार्मिक का किसी वर्ष का अचल सम्पत्ति विवरण यदि सार्वजनिक किये जाने से शेष रह गया हो तो इसके लिए एक अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए शेष वर्षो के अचल सम्पत्ति विवरण को दिनांक 31.12.2022 तक प्रस्तुत किया जाना अनुमत किया गया है।

उपर्युक्त के क्रम में समस्त राजकार्मिकों के द्वारा पूर्ववर्ती शेष वर्षों के अचल सम्पत्ति विवरण को अपलोड किये जाने का प्रावधान राज–काज सॉफ्टवेयर में कर दिया गया है। साथ ही, चालू वर्ष 2022 के लिए अचल सम्पत्ति विवरण ऑनलाईन प्रस्तुत किये जाने हेतु राजकाज सॉफ्टवेयर में विन्डों ऑपन कर दी गई है जिससे शेष विवरण प्रस्तुत किये जा सकते है।

पूर्ववर्ती वर्षों के अचल सम्पत्ति विवरण को हार्ड कॉपी में भरा जाकर अपलोड किये जाने संबंधी विस्तृत गाईडलाईन इस पत्र के साथ सुलभ सन्दर्भ हेतु संलग्न है।

संलग्नः– उपरोक्तानुसार।

**(सुशील परिहार)**
**तकनीकी निदेशक**
**सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–**

1. निजि सचिव, प्रमुख शासन सचिव, सू.प्रौ और संचार विभाग, राजस्थान।
2. निजि सचिव, प्रमुख शासन सचिव, कार्मिक विभाग, राजस्थान।
3. रक्षित पत्रावली।

**(विजय प्रकाश)**
**सिस्टम एनालिस्ट (संयुक्त निदेशक)**

Validity unknown
Digitally signed by Sushil Parihar
Designation : Technical Director
Date: 2022.10.20 11:53:23 IST
Reason: Approved

कार्मिक विभाग द्वारा जारी परिपत्रों के अनुसार राजस्थान सरकार के समस्त राजकार्मिकों द्वारा अचल संपत्ति का विवरण (IPR) प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

*सारणी 1*

| क्र | श्रेणी | IPR नीति | IPR की स्थिति जांचने के लिए लिंक |
|---|---|---|---|
| 1 | **राजपत्रित अधिकारी** | वर्ष 2011 से अनिवार्य | 2011-13<br>https://dop.rajasthan.gov.in/Content/displaymoduledesc.aspx?id=173<br><br>2014-17<br>https://dop.rajasthan.gov.in/Immovable/ImmovablePropertyMaster.aspx<br><br>2018 Onwards<br>https://dop.rajasthan.gov.in/Content/ImmovablePropertyReturn.aspx?menu_id=369 |
| 2 | **अराजपत्रित कार्मिक** | वर्ष 2021 से अनिवार्य | https://dop.rajasthan.gov.in/Content/ImmovablePropertyReturn.aspx?menu_id=369 |

कार्मिक विभाग के परिपत्र क्रमांक प.13(76) कार्मिक/क–1/गो.प्र./2021 दिनांक 27/09/2022 के क्रम में उक्तानुसार राजकार्मिकों के जिन वर्षों की IPR कार्मिक विभाग की वेबसाइट के उपरोक्त दिए गए लिंक पर उपलब्ध नहीं है, उन वर्षों की IPR को राजकाज सॉफ्टवेयर के माध्यम से प्रस्तुत किया जाना है।


## राजकाज के माध्यम से अचल संपत्ति प्रस्तुत करने की प्रक्रिया

1) <u>वर्ष 2022 की अचल संपत्ति का विवरण प्रस्तुत करने हेतु लिंक</u>

SSO >> Rajkaj >> Employee Corner >> IPR >> Mange Immovable Property Return
वर्ष 2022 की IPR निम्नानुसार राजकाज के माध्यम से हर वर्ष की भांति प्रस्तुत करेंगे

2) <u>वर्ष 2011 से 2021 की अचल संपत्ति का विवरण प्रस्तुत करने हेतु लिंक</u>

SSO >> Rajkaj >> Employee Corner >> IPR >> Legacy IPR(2011-2021)



**वर्ष 2011 से 2021 की अचल संपत्ति का विवरण प्रस्तुत करने की प्रकिया**

- सर्वप्रथम सारणी 1 में दिए गए लिंक में गत वर्षों के IPR की स्थिति (Submitted/Not-Submitted) जांच लें।
- इसी पृठ (Legacy IPR(2011-2021)) पर उपलब्ध blank IPR Format डाउनलोड करें और उसमें संबधित वर्ष का IPR विवरण भरकर अपने हस्ताक्षर कर स्कैन करें और उसकी PDF फाईल बना ले।
- संबधित वर्ष के लिए अपने नियुक्तिकर्ता विभाग, पदस्थापित विभाग, कैडर एवं पद का चयन करें और बैसिक–पे दर्ज करे।
- संबधित वर्ष के सम्मुख Upload PDF पर क्लिक कर उस वर्ष की IPR अपलोड करे। PDF फाईल के अपलोड होने पर आपकी IPR Submit हो जायेगी।

➢ Submitted IPR में PDF अध्यतन (Update) करने के लिए पुनः Upload PDF पर क्लिक कर Updated PDF अपलोड कर सकते है।

➢ Submitted IPR की PDF देखने के लिए Submitted बटन पर क्लिक करे।

➢ Submitted IPR को हटाने (Delete) के लिए Delete बटन पर क्लिक करे।

| Year | Appointing Department | Posted Department | Cadre | Designation | Basic Pay | IPR File | Status | Action |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2011 | Department of Information | Medical and Health Services | Rajasthan Cor | Analyst Cum Programmer ( | 44300 | Upload PDF | Submitted | Delete |
| 2012 | Type 3 or more characters | Type 3 or more characters | Please Select | Type 3 or more characters | | Upload PDF | Pending | Delete |
| 2013 | Type 3 or more characters | Type 3 or more characters | Please Select | Type 3 or more characters | | Upload PDF | Pending | Delete |

इस प्रकार वर्ष 2011 से वर्ष 2021 की अचल संपत्ति का विवरण, जो पूर्व में प्रस्तुत नही किया गया हो, प्रस्तुत किया जा सकता है।

संपर्क सूत्र– राजकाज हैल्पडेस्क, अभिलेखागार भवन, शासन सचिवालय (जयपुर)

☎ 0141-2921149 / 2922281 support.rajkaj@rajasthan.gov.in